भागवत कथा - 13

मीना-बांदा-उत्तर प्रदेश

यह एक और प्रकरण है, जिसमें बांदा जिले की मीना शिवबाबा की मुरलियों की गहराइयों को देखते हुए अपने-आप को **ईश्वरीय यज्ञ में समर्पित किए बिना** रोक नहीं पाई।

Bhagawat Story-14:

Meena-Banda-From Uttar Pradesh:

This is another episode towards the depth of Murlis emerging from Shiv Baba is all about Miss. Meena of Banda from U.P who could not restrain from surrendering herself for the cause of Godly service and sacrifice.

मीना के पिता राकेश सिंह कुछ दिनों के लिए अपनी बेटी के साथ बांदा की गीता-पाठशाला में जाते रहे; परंतु अपनी ही बुरी आदतों के वशीभूत होने के कारण न **ज्ञान** में श्रद्धा रख पाए, न अपनी बेटी को प्रोत्साहन दे पाए। मीना **का** ज्ञान में **तीखापन व श्रद्धा-विश्वास उनको** अच्छा नहीं लगा तो वे मीना पर बंधन डालने लगे, ताकि वह **ज्ञान** में न चले। जब मीना को जबरियन **ज्ञान** में चलने से रोकने लगे, तो 19 साल की मीना के सामने आध्यात्मिक विश्वविद्यालय की ओर भागने के सिवाय और कोई रास्ता बचा ही नहीं। आखरीन, मीना ने अपना निर्णय बताते हुए, बांदा थाने में ता.23-08-2011 को रजिस्टर पोस्ट द्वारा **अपने माता-पिता और अन्य रिश्तेदारों से रक्षण प्रदान करने की माँग को लेकर एक पत्र भेजा**।

Meena's father Rakesh Sinh, resident of Aliganj, Banda used to attend the Murli Versions at Banda along with his daughter for quite some time. However, having unable to pay attention to the knowledge owing to his own accustomed vices, he developed disinterest in the knowledge. He could not even encourage his daughter. He became averse towards the knowledge and did not prefer to allow his daughter involve deep into the knowledge and started imposing restrictions on her. When he started restraining her from attaining spiritual knowledge forcibly, Meena, aged 19 years, was left with no alternative except to flee away towards Adhyatmik Vishwa Vidyalaya from home. While apprising her position and consequent decision, she has addressed a request letter to Banda Police Station by Regd. post on 23-08-2011 with request to provide protection from her parents and relatives.

फ़र्रुखाबाद में पहुँचते ही उसने आध्यात्मिक विश्वविद्यालय में अपने-आप को ईश्वरीय सेवा के लिए समर्पित करते हुए ता.24-08-2011 को एक ऐफ़िडेविट सौंपा। स्थिति को बताते हुए और पुलिस रक्षण माँगते हुए मीना ने फ़र्रुखाबाद के पुलिस अधीक्षक को उसी दिन एक पत्र भी **रजिस्टर पोस्ट द्वारा** भेजा। मीना ने बांदा पुलिस को और साथ ही फ़र्रुखाबाद पुलिस अधीक्षक को भी यह बात खास स्पष्ट की कि वह बालिग है और स्वेच्छा से आध्यात्मिक विश्वविद्यालय में ईश्वरीय सेवा के लिए समर्पित होकर वहीं रहना चाहती है। जैसे ही उनकी माता विमला देवी और पिता राकेश सिंह ने ता.24-08-2011 को फ़र्रुखाबाद पुलिस वालों को कम्प्लेंट की, दूसरे दिन ही ईश्वरीय परिवार के राजू भाई को बांदा पुलिस वालों ने **बगैर कोई एफ.आई.आर. दर्ज किए अरेस्ट कर लिया**। मीना के पत्रों पर न बांदा पुलिस वालों ने और न फ़र्रुखाबाद पुलिस वालों ने कोई खास ध्यान दिया । तीन दिन गुज़रते ही, ता.28-08-2011 को मीना के माता-पिता बाँदा पुलिस को लेकर फ़र्रुखाबाद आध्यात्मिक विश्वविद्यालय में **पहुँच गए**। बाँदा पुलिस के सामने मीना ने अपनी जन्मतिथि का प्रूफ़ दिखाते हुए **अपना** निर्णय बता दिया कि वह स्वेच्छा से आध्यात्मिक विद्यालय में रहना चाहती है । बाँदा पुलिस सब इंस्पेक्टर तो देखता रहा; परंतु मीना के माता-पिता ने उसको खींचकर ले जाने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी; लेकिन मीना फिर भी **अपने** निर्णय पर अड़ी रही ।

While expressing her determined belief in the knowledge, she has also executed an affidavit on 24-08-2011 to the extent that she was surrendering herself for cause of Godly service. Simultaneously, on the same day, as a precautionary measure, she addressed a letter detailing the entire situation and her fears to the Superintendent of Police, Farrukhabad by registered post. Meena has in her letters addressed to the S.H.O., Banda as well to the Superintendent of Police, Farrukhabad made it quite clear that she was a major and wish to stay with the "AVV family" at her own will and without any pressure by anybody. The mother of Meena, Vimala Devi and father Rakesh Singh have approached the Police at Farrukhabad and lodged a complaint on 24th August, 2011.

On the very next day, one of the spiritual brothers Raju Bhai of Banda was taken into the illegal custody by Banda Police in the absence of any FIR having been lodged. Neither the S.H.O., Banda and the S.P., Farrkhabad have given any accord to Meena’s letters of request. And three days after, on 28th August, Meena’s parents rushed to Farrukhabad "AVV” along with a Police of Banda. Despite giving a clear statement as to her intention to stay in the "AVV" and showing her certificate of proof of age in the presence of police, Meena’s parents used all their energies to grab and take her back home, but Meena had stuck to her own decision.

अगर यह बात यहाँ खतम हो जाती, तो यह अनावश्यक लम्बा प्रकरण बनता ही नहीं। चार घंटे पूरे बीते ही नहीं, उसी दिन अर्थात ता.28-08-2011 को लगभग 20-25 कॉन्स्टेबल्स के साथ पुलिस अधिकारी **फ़र्रुखाबाद** आध्यात्मिक विश्वविद्यालय **पर टूट पड़े**। कन्याएँ-माताएँ उस समय आध्यात्मिक विद्यालय में अपनी दिनचर्या के अनुसार **ज्ञान** चिंतन में लगी **हुई** थीं।

If the attempts end here, this episode would not have had a further unnecessary and lengthy walk ahead. Within 4 hours on the same day on 28th August, around 20 to 25 male Police Officers and constables along with the parents of Kum. Meena, forcefully intruded into the Farrukhabad "AVV". It was the time when the mothers and sisters were in regular course of churning of the spiritual knowledge.

पुलिस वाले विद्यालय में कोई औपचारिक पूछताछ किए बगैर जोर-जबरदस्ती, मनमाने तरीके से अपनी वर्दी व पद का दुरुपयोग करते हुए सारे दरवाज़े तोड़ते हुए कन्याओं-माताओं के कमरों में घुस गए। कोई महिला पुलिस (अथवा सर्च वारंट) भी उनके साथ नहीं था।

The police, in sheer disregard of the constitutional rights and formalities of the Vidyalaya; even without any formal enquiry; and in disrespect of their own uniform, intruded into the rooms of mothers and sisters by break opening the shutters and doors of the "AVV". Neither any search warrant nor any lady police are with them.

फ़र्रुखाबाद के गुलाबी गेंग की मुखिया अंजली यादव, सरला पांडे और उस गेंग के बहुत-से अनुचर भी पुलिस वालों के साथ जोर-जबरदस्ती अन्दर घुस आए और तोड़-फोड़ व मार-पीट करने में **अपनी ताकत दिखाने लगे।**

One Gulabi Gang of Farrukhabad with their leaders Anjali Yadav and Sarla Pande followed by a number of their followers also intruded inside simultaneously and used their energies in ransacking the house and beating the brothers, sisters and mothers of the "AVV".

पुलिस वालों ने **गुलाबी गेंग के साथ हाथ बँटाना शुरू कर दिया**। पुलिस वालों को याद ही नहीं आया था कि वे अपने साथ महिला पुलिस नहीं **लाए** हैं। देर से ही सही, उनको महसूस तो हुआ- आखिर क्या गलती हो गई! एक घंटे में ही कन्याओं-माताओं को धक्के देते हुए, मार-पीट करते हुए, शर्मनाक गालियाँ देते हुए **लेडीज़ पुलिस कूद पड़ी**। पुलिस वालों की नृशंसता देखकर उनकी आँखों के सामने ही गुलाबी गेंग भी **गुंडा**गर्दी पर उतर पड़ी।

The Police, all being males joined hands with the Gulabi Gang in harassing the inmates of the "AVV" indiscriminately. There were no lady police at that moment. The male police have noticed their lapse after a while and called for lady police who have joined the mob an hour later. The lady police jumped into action; crossed all the limits of cruelty in abusing, thrashing, beating and misbehaving with the innocent girls and Matas of the "AVV" mercilessly along with the male police using abusive language. Seeing the cruel attitude of the police, the Gulabi Gang also joined hands in harassing the inmates.

कु. मीना ने जिन बड़े अधिकारियों को अपनी रक्षा के लिए पत्र सौंपे थे, वे पत्र तो कचड़े के डिब्बे में फेंक दिए **गए**। जिनसे रक्षण की आशा **रखी थी, वे पुलिस** वाले गुलाबी गेंग के साथ मार-पीट करने में हाथ बँटा रहे थे, जिन चोटों की गहराइयों की साक्षी लोहिया हॉस्पिटल की मेडिकल रिपोर्ट्स खुद बन गईं। विद्यालय के वासी- हर्षा बहन, रोहिणी बहन, वेदावती, मनीषा, मृणाल, पार्वती और सरोज माता चोटों पर मरहम-पट्टी लगवाकर वापस आध्यात्मिक विद्यालय में पहुँचे थे, जिनकी चोटें शांत होने में भी काफ़ी वक्त लग गया था।

The request letters for Police protection addressed by Meena to Police authorities found their destinations in the dustbins. The police from whom safety is anticipated have extended their support to the Gulabi Gang till the limits of cruelty. The havoc created by the joint approach of police and Gulabi gang is evidenced by the medical reports of the girls given by the Ram Manohar Lohiya hospital on the same date. A few names of the innocent girls and Matas who faced severe injuries are; Harsha, Rohini, Vedavati, Manisha, Mrunal, Parvati and Saroj mata. The innocent girls and mothers returned from the govt. Hospital with bandages and it took much time to recover from their injuries.

भीड़ ने विद्यालय के सक्रिय सदस्य वयोवृद्ध शांतिबाबू को भी नहीं छोड़ा। उनको भी मारा-पीटा गया और गुलाबी गेंग व उनके साथ अंदर घुसे हुए 250 गुंडे शांतिबाबू के सिर से बहते हुए खून को देखते हुए आध्यात्मिक विश्वविद्यालय की वस्तुओं को लूटने में लगे रहे।

Even the senior citizen Shanti Babu, an active member of the "AVV family" was not spared. He was also beaten severely. He received severe major injury on his head causing a lot of bleeding. And the entire mob were engaged in loot of the "AVV". The devastating mob consisted more than 250 intruders.

भले पहले सिनेमा के पर्दे पर अनेकानेक धार्मिक सीरियल्स में यज्ञ विध्वंस के राक्षसी करतब देखे थे और अभी प्रैक्टिकल में भी देख लिए। हर्षा बहन जो कि माइक्रो-बायोलॉजी में यू.एस.ए. से ग्रेजुएट रही है, जब

आततायी पुलिस व गुलाबी गेंग का सच्चाई से सामना करने लगी तो उसे भी उन्होंने काफी प्रताड़ित किया और मेल पुलिस व लेडीज़ पुलिस ने मिल करके हर्षा बहन को बालों से पकड़कर खींचते हुए जीप में डाल दिया।

Well, many might have seen the barbarous deeds of the demons ravaging the sacrifices on the cinema screens and in a number of religious serials; and some might have seen in practical also. The lady police in hands with male police, thrashed spiritual sister Miss Harsha, a graduate in microbiology from U.S.A., caught hold of her hair and dragged her into their jeep when she was trying to face them along with the Gulabi Gang with an explanation of Truth.

यह शर्मनाक कांड **शाम** 5 बजे तक चलता रहा। उसी समय एक सरकारी अधिकारी आध्यात्मिक विश्वविद्यालय में आ पहुँचे। गुलाबी गेंग की मुखिया अंजली यादव, सरला पांडे व उसके अन्य अनुचर और अन्य गुंडों-बदमाशों के खिलाफ हर्षा बहन द्वारा फ़र्रुखाबाद थाने में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई थी (केस **क्राइम** नं. 332/11)।

The entire havoc continued for four hours and at 5 P.M on the same day, a senior government official came to the "AVV". An F.I.R has been lodged with Farrukhabad police station against the leaders of Gulabi Gang Anjali Yadav and Sarla Pande all those who have resorted such irresponsible behavior under Crime NO. 332/11.

अपने वयस्क होने का प्रूफ़ दिखाते हुए भी और आध्यात्मिक विश्वविद्यालय में रहने की अपनी इच्छा जताते हुए भी, कुमारी मीना के बयान पर ध्यान न देते हुए, उसको भी पुलिस की मदद से घसीटकर **फ़र्रुखाबाद के थाने में ले जाया गया।** अगर पुलिस वालों ने तुरंत मैजिस्ट्रेट के सामने 164 सी.आर.पी.सी. के अंतर्गत उसका बयान दिलवाया होता और अखबार वाले लोगों का भड़काना बंद किया होता तो शायद ही फ़र्रुखाबाद के लोगों के दिलों में आध्यात्मिक विश्वविद्यालय के प्रति नफ़रत पैदा नहीं हुई **होती**। लेकिन पुलिस वालों ने फर्रुखाबाद लोकल मजिस्ट्रेट के सामने मीना के बयान न करवाकर उक्त मामले को बांदा पुलिस के साथ रफा-दफा कर दिया।

The senior government official have forcibly taken the custody of Kum. Meena with the help of the Police while her statement before the Police as to her own volition of joining the "AVV" and intimating the fact of her being major has gone to winds. Had the police got obtained statement under section 164 Crpc from Meena in the presence of the Magistrate and had the News media stopped adding fire by provoking the public of U.P; perhaps the public would not have developed

grudge in their minds against the "AVV". Despite; the police instead of obtaining the said statement before the local Magistrate of Farrukhabad has handed over the matter to Banda police.

पुलिस वालों का गुलाबी गेंग और अन्य गुंडों के साथ मिल करके किया हुआ अमानुषिक, अनैतिक, असभ्य व्यवहार का विरोध करते हुए, फ़र्रुखाबाद के पुलिस अधीक्षक, जिला मैजिस्ट्रेट व डी.जी.पी., लखनऊ को हर्षा बहन के द्वारा दिए गए कम्प्लेंट्स पत्र **बिना कोई कार्यवाही के** वैसे ही उन-2 दफ़्तरों के कूड़ेदानों में पड़े रहे।

The complaints addressed by sister Harsha to the S.P., Farrkhabad, District Magistrate, Farrukhabad, D.G.P. Lucknow and the so called National Commission for Women, explaining the inhuman, immoral, indecent behavior of the Police in hands with Gulabi Gang have again found their way to the dustbins of their respective offices carried over the trollies of inaction.

आला अधिकारियों के ऐसे व्यवहार ने पुलिस वालों की निष्क्रियता और आसुरी शक्तियों को और **ही प्रो**त्साहित कर दिया। जैसे कि उन्हें कुछ भी करने का लाइसेंस मिल गया हो। **आबू** पहाड़ों से मिलती रही हिम्मत वा धन प्रवाह की कोई कमी न **रही**। हाँ, गुलाबी गेंग **की मुखिया** अंजली यादव और सरला पांडे के नेतृत्व में फिर एक बार गुंडों ने आध्यात्मिक विश्वविद्यालय **के ऊपर ता.01-09-2011 को** आक्रमण किया। जो कुछ बचा-**खुचा** होगा, उसे भी समाप्त करने के लिए। आध्यात्मिक विश्वविद्यालय की दैनंदिनी विधियों में विघ्न डालते हुए, फिर वही मार-पीट, लूट, तोड़-फोड़ की गई।

The silence under the guise of inaction of the police and Government Officials has given a further strength to the evil elements as if a free license was accorded to them allowing whatever they want to do against the "AVV". There was no shortage of support, whether it be manpower or a financial assistance flowing from the Abu Hills. With these strengths in the backdrop, the Gulabi Gang led by Anjali Yadav and Sarla Pandey in hand with local Goondas attacked and ransacked the "AVV" again on 1st September, 2011; with an aim to destroy whatever is remaining; and to disrupt the daily spiritual activities of the "AVV family"; Again same loot, ransack and devastation was resorted to.

उन गुंडों ने आध्यात्मिक विश्वविद्यालय के वासियों के ऊपर कितने पत्थर फेंके थे, कितना सामान लूट कर ले गए, कितने लोगों को चोट पहुँचाई थी, कितनी अश्लील और अभद्रतापूर्वक गालियाँ देते रहे- इन सब चेष्टाओं की गिनती कहाँ तक बता पाएँगे ! वह काम तो मीडिया वालों पर ही छोड़ देंगे। हाँ ! पहले वाले 28.08.2011 के आसुरी व्यवहार में और अब के अर्थात ता.01-09-2011 के व्यवहार में खास अंतर

यही रहा कि उस समय उनके साथ पुलिस वालों **का** प्रत्यक्ष सहयोग रहा, जबकि अब परोक्ष। चलो, **अब** न्यूज़ मीडिया वालों को अपना सर्क्युलेशन (टी. आर. पी.) बढ़ाने का त्योहार मनाने दें !

They repeated their cruel actions in the absence of any fear from the police; shouted with indescribable abuses, pelted stones, looted the belongings of the inmates of the "AVV" injuring them seriously. To which extent we can count and put all these shameful incidents in black and white! We shall have a respite and leave the rest to the news media. who are able enough to make such episodes, a source of circulation with the headings of the newspapers highlighting the situation in their own colors. Yes, there is a striking difference between the devilish deeds mentioned herein is that there was a direct hand of the Police in earlier intrusions and harassment on 28-08-2011; whereas there is an indirect support in the latest attacks on 01-09-2011. Let's have a look to some scenes of the festival of circulation (T.R.P)by the news media.

02-09-11	दैनिक जागरण	आध्यात्मिक ईश्वरीय विश्वविद्यालय में जमकर तोड़-फोड़। सेवादारों को पीटा। गुरुवार को नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराने की माँग के साथ गुलाबी गेंग एवं जनक्रांति पार्टी की महिलाओं ने भीड़ के साथ हंगामा किया।
30-08-11	दैनिक जागरण	आश्रम के मामले में पल्ला झाड़ रही फ़र्रुखाबाद पुलिस

09-02-11	Dainik Jagaran	Loot, torment and torture of resident members in service of Adhyatmik Ishwariya Vishwa Vidyalaya. The havoc created by the women of Gulabi Gang and Janakranti party party on Thursday on the demand of releasing the minor girls.
30-08-11	Dainik Jagaran	Farrukhabad Police on "U" in the matters of Ashram.

सोची-समझी साज़िश के तहत कुमारी मीना को बांदा पुलिस को सौंप **दिया** गया, ताकि उनके माता-पिता वहाँ के पुलिस वालों से कंधे से कन्धा मिलाकर मीना पर मानसिक अत्याचार करते हुए उसके मन में आध्यात्मिक विश्वविद्यालय के प्रति ऑपोजिशन का भाव पैदा करें। **इन उपरोक्त सारे शर्मनाक कांड के बाद** वहाँ आध्यात्मिक विश्वविद्यालय के सदस्यों के खिलाफ मीना के अपहरण की झूठी व बनावटी एफ.आई.आर. भी **रजिस्टर** की गई थी। मीना के प्रतिरोध पर ध्यान न देते हुए, **कु. मीना का कुमारीपन के परीक्षण के लिए** जबरियन मेडिकल टेस्ट करवाया गया।

Miss Meena was handed over to Banda Police in a preplanned conspiracy and a false and concocted FIR was filed with the police subsequent to the shameful tortures in the name of raid; in order to facilitate her parents torture her, in connivance with Police Officers and to brain wash her and tune her against the "AVV". Meenaa was forcibly subjected to virginity test against her will.

इंतज़ार कर-करके आ.ई.वि.वि. परिवार वालों ने कुमारी मीना को मैजिस्ट्रेट के सामने पेश करवाने की माँग को लेकर ता.01-09-2011 को ही उच्च पुलिस अधिकारियों के आगे एक कम्प्लेंट कर दी लेकिन उसके ऊपर कोई कार्यवाही नहीं की गई; क्योंकि मीना के परिवार वालों के और उनके रिश्तेदारों के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर मीना को आध्यात्मिक विश्वविद्यालय के विरुद्ध भड़काने का, यातनाएँ देने का उपक्रम चल रहा था।

The legal demand of the "AVV family" members dated 01-09-2011 with the Higher authorities of Police to produce Meena before the Magistrate was found pale and futile before the inaction of the Police department for the reason that the intermediary time was being used to threaten and torture Meena and provoke her against "AVV family" in hand with the family members of Meena.

मीना को नारी निकेतन भेजने की धमकियाँ भी दे रहे थे। यातनाएँ देते-2, जब पुलिस वालों को कुछ हद तक विश्वास हुआ कि अब उसको मैजिस्ट्रेट के सामने पेश करना ही पड़ेगा, उसी विश्वास को ले करके पुलिस वाले आखिर पूरे एक हफ़्ते के बाद ता.03-09-2011 को बांदा मैजिस्ट्रेट के सामने मीना को पेश कर पाए। इतने दिन किसी पीड़िता को मैजिस्ट्रेट के सामने पेश किए बिना **पुलिस हिरासत में रखना और** यातनाएँ देना, क्या यह गैरकानूनी नहीं है ?

Meena was threatened that she will be sent to Nari Niketan if she does no co-operate. In result of repeated tortures, when the Banda police were satisfied that Meena would co-operate with them, then it was an inevitable circumstance for

them to produce her before the magistrate. And they have produced Meena after a week on 3rd September, 2011 before the Magistrate, Banda. Is it not a disregard to the Law in torturing a young girl and producing her after a lapse of a week!

निर्दोष कन्या मीना ने 164 सी.आर.पी.सी. के अंतर्गत अपने बयान में मैजिस्ट्रेट के सामने यह भी स्पष्ट किया था कि वह वयस्क है और अपनी मर्ज़ी से आ.ई.वि.वि. परिवार के साथ रह रही है। यह बात स्पष्ट थी कि उसको किसी ने किडनेप नहीं किया था, जिस बात को ले करके अखबार वाले हो-हल्ला मचा रहे थे। लेकिन अगर अखबार वाले ये सच्चाइयाँ ज्यों की त्यों, बिना मिर्च-मसाला मिलाए छापेंगे तो वह कोई ब्रेकिंग न्यूज़ थोड़े ही बनेगी और फिर टी. आर. पी. कैसे बढ़ेगी?

The innocent girl in her subsequent statement before Magistrate under section 164 Crpc; has made it clear that she is a major and staying with the "AVV family" at her own will and without being pressured by anybody. It was ultimately clear that no one has kidnapped her. The news media has made a mess of the reputation of the "AVV family" by creating baseless Head Lines "Kidnap" as "Breaking News" as a part of their celebration of circulation. How can a news be a breaking one in the absence of creating and adding some hot and salt to their illegitimate creation! And how can be there an increased T.R.P !

04-09-11	अमर उजाला	बाँदा में किशोरी के कलमबंद बयान हुए, माँ-बाप को सौंपी
04-09-11	अमर उजाला	बाबा वीरेंद्र देव दीक्षित आश्रम को लेकर लोगों का गुस्सा बढ़ता ही चला जा रहा है। शनिवार को शहर के लोग आश्रम बंद कराए जाने की माँग को लेकर सड़कों पर उतरे।

09-04-11	Amar Ujala	Anger of the people on rise in respect of the ashram of Baba Virendra Deo Dixit . People on roads on Saturday with demand to shut down the ashram.
09-04-	Amar	The statement of the girl obtained in Banda. Handed over

11	Ujala	to parents.

दिनांक 28-08-2011 से ले करके घटित हुई स्थितियों **का** वर्णन करते हुए और अपने माँ-बाप के बंधनों से छूटकर आध्यात्मिक विश्वविद्यालय में वापस जाने **की** अपनी इच्छा को व्यक्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट से मीना द्वारा लिखी हुई विनतियों का **देर तक** कोई रिज़ल्ट न मिला। अखबारों की उत्तेजनात्मक ब्रेकिंग न्यूज़ का अंत ही नहीं दिखाई पड़ रहा था। फ़र्रुखाबाद के रहवासियों के दिलों में आग भड़क उठने का कारण न्यूज़ मीडिया वालों की आ.ई.वि.वि. परिवार के विरोध में उत्तेजनात्मक और बे-बुनियाद वार्ताएँ नहीं तो और क्या हो सकता है !

The requests made by Meena explaining the sequences of incidences since 28th August, 2011 expressing her deep wish to go back to the "AVV" placed before the Supreme Court and High Court remained unresponsive for quite some time. No end was seen nearby to the frequent series of provocative Breaking News by the News Media. If not the frequent series of baseless Breaking News by the News media, who could it be that were igniting and provoking the fire in the hearts of the residents of Farrukhabad against the peaceful "AVV family"!

03-09-11	दैनिक जागरण yahoo	बाबा के आश्रमों पर ख़ुफ़िया विभाग की नज़र।
04-09-11	दैनिक जागरण	गलत है आश्रम में नाबालिग लड़कियों को रखना
04-09-11	अमर उजाला	युवाओं ने बाबा वीरेंद्र देव का पुतला फूँका
06-09-11	दैनिक जागरण	वीरेंद्र देव का आपराधिक इतिहास तलब
06-09-11	दैनिक जागरण	आध्यात्मिक विश्वविद्यालय की गतिविधियाँ संदिग्ध : महिला आयोग
04-09-11	अमर उजाला	बाबा वीरेंद्र देव दीक्षित के आश्रम को लेकर लोगों का गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। शनिवार को शहर के लोग आश्रम बंद कराने की माँग को लेकर सड़कों पर उतरे।

Dainik Jagaran	09-02-11	Loot, torment and torture of resident members in service of Adhyatmik Ishwariya Vishwa Vidyalaya. The havoc created by the women of Gulabi Gang and Janakranti party in huge gatherings on Thursday with demand to release the minor girls.
Dainik Jagaran Yahoo	09-03-11	The eye of C.B.C.I.D on Baba's Ashrams.
Dainik Jagaran Yahoo	09-04-11	The youngsters have burnt the effigy of Virendra. It is wrong to keep minor girls in the Ashram.
Dainik Jagaran Yahoo	09-04-11	The youth women wing of BJP in course of authoring war tactics. "Doubt as to the duties and actions of Adhyatmik Ishwariya Vishwa Vidyalaya ". Women's Commission. "Virendra Deo Dixit be arrested." The Human rights Association.
Amar Ujala	09-04-11	Anger of the people on rise in respect of the ashram of Baba Virendra Deo Dixit . People on roads on Saturday with demand to shut down the ashram.

शांतिपूर्वक चलने वाले आध्यात्मिक विश्वविद्यालय के सामने उद्वेगपूर्ण वातावरण **बना रहा**। भड़के हुए लोगों की भीड़ जमा हुई पड़ी थी।

There was a violent and climate of anxiety outside the compound of the Ashram. Huge gathering of the people in outrage.

05-09-11	दैनिक जागरण	विवादित (फ़र्रुखाबाद में) आश्रम के सामने दिनभर हुआ बवाल। बाबा के पुतले फूँके।

07-09-11	दैनिक जागरण	धारा 144 लागू होने के बाद आश्रम के बाहर व गली में पसरा सन्नाटा ; बाबा का पुतला फूँका – नारेबाज़ी

Dainik Jagaran	09-05-11	Havoc in front of the Ashram all the day. Baba's effigy set on fire.
Dainik Jagaran	09-07-11	Baba's effigy burnt-Slogans. The guilty history of Baba Virendra Deo Dixit under enquiry. Silence near the Ashram after impose of Section 144.

भ्राता वीरेन्द्र देव दीक्षित की छवि को धूमिल व मलिन करने के लिए और आध्यात्मिक विश्वविद्यालय के वासियों को गलत साबित करने के लिए कई वर्षों से मीडिया वाले लगे हुए थे, आज के दिन, जबकि भ्राता वीरेन्द्र देव दीक्षित के ऊपर, आध्यात्मिक विश्वविद्यालय-वासियों के ऊपर थोपे गए ढेर आरोप झूठे साबित हो गए, क्या वे मीडिया वाले इन छापे गए झूठे आरोपों को मिटा पाएँगे और क्या वे भ्राता वीरेन्द्र देव व आध्यात्मिक परिवार के सामने बिना किसी शर्त के माफी माँगेंगे ? क्या वे जन प्रवाह के दिलों में जमी ग्लानि रूपी धूल को साफ़ कर पाएँगे ?

Today, in the circumstances where all the major cases instigated against Spiritual Brother Virendra Deo Dixit and other "AVV family" members proved faulty and created in the lines of conspiracies, can the news media which was continuously behind Spiritual Brother Virendra Deo Dixit and "AVV family" members, supporting the evil forces; erase the Braking News against Spiritual Brother Virendra Deo Dixit and the members of the "AVV family"? Can they expect excuses from Spiritual Brother Virendra Deo Dixit and the "AVV family" unconditional ? Will they be able to remove the dusty storms of hatred in the hearts of the people?

09-09-11	आज	बाबा वीरेन्द्र देव दीक्षित की सैकड़ों पत्नियाँ व बेटियाँ
07-09-11	दैनिक जागरण	आध्यात्मिक आश्रम गिरवाने को नोटिस की तैयारी

10-09-11	दैनिक जागरण	बाबा वीरेंद्र देव दीक्षित के आध्यात्मिक ईश्वरीय विश्वविद्यालय संवासिनियों के आश्रम छोड़ने पर प्रशासन ने रोक लगा दी। बाबा के आगे प्रशासन बेबस। बाबा वीरेंद्र देव आश्रम के रहस्य को उजागर करने की माँग को लेकर लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुँच रहा है। बाबा के खिलाफ़ शहरवासियों ने दिए बयान। रक्षक के बजाय पुलिस ही बन गई भक्षक। बाबा का पुतला फूँका। आध्यात्मिक ईश्वरीय विश्वविद्यालय के विरोध में ब्लाक ब्रिगेड वा अन्य संघटनों से जुड़ी महिलाओं ने केंडिल मार्च निकाला।
11-09-11	दैनिक जागरण	पल-2 की जानकारी ले रहे वीरेंद्र देव। जो एक बार आश्रम से जुड़ गया, वह बाबा का ही हो गया- इसे आस्था कहा जाए या अंध विश्वास !
19-09-11	दैनिक जागरण	ईश्वरीय विश्वविद्यालय का कार्यकर्ता गिरफ्तार।
10-09-11	अमर उजाला	ब्लैक ब्रिगेड, गुलाबी गैंग ने निकाला कैंडिल मार्च ; युवा शक्ति के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने का आरोप लगाकर बाबा वीरेंद्र देव दीक्षित का पुतला जलाया और जमकर नारेबाज़ी की ; युवाओं ने वीरेंद्र देव का पुतला फूँका
13-09-11	अमर उजाला	युवा शक्ति ने आश्रम के खिलाफ़ किया प्रदर्शन। आश्रम की सी.बी.आई. जाँच कराई जाएँ। वरिष्ठ नागरिकों की बैठक में उठी आवाज़।
10-09-11	हिन्दुस्तान	महिलाओं ने केंडिल मार्च निकाल जताया विरोध। बाबा वीरेंद्र देव दीक्षित के विरोध में बयान देने वालों की भीड़ शुक्रवार को सिटी मैजिस्ट्रेट की न्यायालय में लगी रही। बाबा वीरेंद्र देव के आश्रम में बच्चों को रखने का कोई अधिकार नहीं। आश्रम को एक और नोटिस।
13-09-11	हिन्दुस्तान	युवाओं वा महिलाओं ने कहा कि रहस्य का पर्दाफाश होना चाहिए।

Dainik Jagaran	09-07-11	Hundreds of eternal wives of Baba in the Ashram. The notice to demolish the Ashram ready.
Dainik Jagaran	09-10-11	Prohibitory orders by the Government restricting the moments of the lady saints of the Adhyatmik Ishwariya Vishwa Vidyalaya of Baba Virendra Deo Dixit out of the Ashram premises. Government helpless in the presence of Baba. The anger of the people touching the seventh skies with demand to unearth the secrets of the ashram of Baba Virendra Deo Dixit . The residents of the town has given statements against Baba. Instead of saviors the Police becoming eaters. Baba's effigy burnt. Candle march by women belonging to Black brigade and other groups against Adhyatmik Ishwariya Vishwa Vidyalaya .
Dainik Jagaran	11-09-11	Virendra Deo keeping the news at every moment. Whoever join the Ashram, became of Baba. Can this be a belief or a blind belief ?
Dainik Jagaran	19-09-11	Arrest of the member of Ishwariya Vishwa Vidyalaya
Amar Ujala	09-10-11	The black brigade and Gulabi Gang resorted to Candle march. The member of Yuva Shakti raised slogan and burnt the effigy of Baba on the pretext that Baba Virendra Deo Dixit was promoting damage to the religious feelings.
Amar Ujala	13-09-11	A road show by Yuva Shakti Members against Ashram. "Let C.B.C.I.D investigate the Ashram". The voice of the senior citizens in their meetings.

Hindusthan	09-10-11	The women started candle march and expressed opposition. Crowd gathered at the Court of City Magistrate to give statements against Baba Virendra Deo Dixit on Friday. There is no right to keep children in the Ashram of Baba Virendra Deo Dixit. Another notice to Ashram.

The youth and women said the secrets need to be unearthed.

अखबारों की उत्तेजनात्मक वार्ताओं **का एक और** दर्दनाक नतीजा, यू.पी. में जिनके भी बच्चे गुम हो गए थे या घर छोड़ भागे थे, उनमें से कुछ लोग आध्यात्मिक विश्वविद्यालय में पुलिस को ले करके अपने गुमशुदा बच्चों को ढूंढने पहुँच रहे थे।

Another painful reaction from public in result of the provocative and inciting news creating furor by the News media spread over the entire U.P and other states is that mothers and fathers of their missing girls, who left their homes for elsewhere for their own reasons, blindly and unconvincingly started approaching the "AVV" in search of their missing children along with the Police of their respective places. Again there was some more fuel to the already spreading fire led to further ravage in farrukhabad.

05-09-11	दैनिक जागरण	बेटी तलाशने आई महिला समेत 6 हिरासत में
07-09-11	दैनिक जागरण	कालपी से अपहृत किशोरी की तलाश में लोग आश्रम पहुँचे
06-09-11	दैनिक जागरण	बेटी की तलाश में इटावा से आई सरोज सहित 6 लोग रिहा
13-09-11	दैनिक जागरण	ईश्वरीय आश्रम : 5 माह से लापता सहेलियों की तलाश : सर्च वारंट जारी। पिता के साथ मिर्जापुर पुलिस ने डेरा डाला।
14-09-11	दैनिक जागरण	सिकत्तरबाग आश्रम में नहीं घुस सकी मिर्जापुर पुलिस।

Dainik Jagaran	09-05-11	Arrest of the woman and 6 others who came in search of her daughter.
Dainik Jagaran	09-06-11	People reached Ashram in search of their girl kidnapped from Kalpi. Release of Saroj along with six others who came from Itawa in search of daughter .
Dainik Jagaran	13-09-11	Ishwariya Ashram: Search of 5 friends (girls) missing since 5 months. Search warrant issued. Mirjapur Police along with the father at Farrukhabad.
Dainik Jagaran	14-09-11	Mirjaur Police could not enter the Sikhaththarbagh Ashram.

अब जो कुछ सत्यानाश होना था, वह हो गया था, तब किसी-2 जर्नलिस्ट लोगों के दिल में छोटा-सा दीया जला।

Now the destruction that is aimed at was done. Then, some kindness entered in the hearts of some journalists to throw some non-sensational news also.

10-09-11	अमर उजाला	बाँदा की मीना ने सी.जे.एम. कोर्ट में दिए कलमबद्ध बयान में बताया कि वह अपनी इच्छा से आश्रम आई थी।
11-09-11	अमर उजाला	किशोरी ने कहा, स्वेच्छा से गई थी फ़र्रुखाबाद। बाँदा की मीना :

